सेना भर्ती के दो जालसाजों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

सफारी गाड़ी, सेना की वर्दी, फर्जी आई कार्ड व सेना के दस्तावेज बरामद

फैजाबाद (आरएनएस)। मिलेट्री इन्टेलीजेन्स की सटीक सूचना पर सर्विलांस सेल व कैंट थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने प्रधान डाकघर के निकट से सेना में भर्ती के नाम पर जालसाजी करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किये गये अभियुक्तों के पास से एक सफारी गाड़ी, सेना की वर्दी, फर्जी आई कार्ड और सेना के विभिन्न दस्तावेज बरामद किये गये हैं। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक नगर अनिल सिंह सिसोदिया ने कैंट थाना में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी।

उन्होंने बताया कि मिलेट्री इन्टेलीजेंस यूनिट ने पुलिस को सूचना दिया कि 26 सितम्बर से डोगरा रेजीमेंट में शुरू होने

वाली सैनिकों की भर्ती में अभ्यर्थियों को बरगला कर उनसे वसूली करने वाला एक गिरोह फैजाबाद पहुंच चुका है। मिलेट्री इन्टेलीजेंस की सटीक जानकारी पर प्रधान डाकघर के निकट संजय पुत्र जय प्रकाश निवासी तिसौली पोस्ट जमुनिया थाना फुटहन जनपद जौनपुर और रविशंकर यादव पुत्र जमुना प्रसाद यादव निवासी मानापारा थाना गोसाईगंज जनपद फैजाबाद को गिरफ्तार कर लिया गया। इन दोनों के पास से सफारी गाडी संख्या यूपी 32 सीएच 4887 बरामद हुई। वाहन के अन्दर जब तालाशी ली गयी तो उसमे डोगरा रेजीमेंट सेना की वर्दी, सेना का फर्जी आईकार्ड, बैच, मोहर व तमाम फर्जी दस्तावेज बरामद किये गये। अभियुक्त संजय कुमार ने पूंछताछ के दौरान बताया कि वह उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में जाकर वहां की छावनी का भ्रमण कर पूरी जानकारी कर फर्जी दस्तावेज और मुहर आदि बनवाकर युवकों से दोस्ती बढ़ता है और उनके परिवारवालों को विश्वास में लेकर आर्मी में भर्ती के नाम पर लाखों रूपये की धन उगाही करता था। धन उगाही के बाद वह अपना मोबाइल व नम्बर बदल देता था। चूंकि फैजाबाद में 26 सितम्बर से सेना की भर्ती शुरू हो रही थी इसलिए वह अपने साथी रविशंकर यादव के साथ डेरा डाले हुए था। रविशंकर यादव सफारी वाहन से अभियुक्त संजय को विभिन्न स्थानों पर ले जाकर उसका सहयोग करता था।

कैंट थाना में अभियुक्त संजय के विरूद्ध मु.अ.सं. 342/18 आईपीसी की धारा 419, 420, 467, 468, 471, 440 और रविशंकर यादव के विरूद्ध मु.अ.सं. 385/17 आईपीसी की धारा 379, 411, 413 व मु.अ.सं. 442/18 आईपीसी की धारा 419, 420, 476, 468, 471, 140 गोसाईगंज व कैंट थाना में मुकदमा दर्ज है। इन दोनों अभियुक्तों के विरूद्ध कैंट थाना में मु.अ.सं. 342/18 आईपीसी की धारा 419, 420, 476, 468, 471, 140 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया जा चुका है।

जालसाजों को गिरफ्तार करने वाली टीम ने सर्विलांस सेल प्रभारी उप निरीक्षक अभिषेक सिंह, उप निरीक्षक अमित सिंह, आरक्षी चन्द्रभान यादव व नीरज सिंह तथा कैंट थाना के उप निरीक्षक पारसनाथ यादव व उप निरीक्षक शशि प्रकाश वर्मा शामिल थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जालसाजों को गिरफ्तार करने वाले पुलिस दल को नकद पुरस्कार देने की घोषणा किया है।

ईश्वर को प्राप्त करने वाले का नहीं होता पुर्नजन्म

रायबरेली (आरएनएस)। श्री दिगम्बर आश्रम असनी के संत परमहंस स्वामी अविनाशी आश्रम जी महराज के ब्रम्हलीन होने के उपरांत उनके षोड्शी संस्कार का आयोजन आश्रम परिसर में आयोजित हुआ। षोड्शी संस्कार में दूर-दूर से पधारे अनेक संत एवं ब्रम्हलीन स्वामी जी के शिष्य तथा भक्त भारी संख्या में सम्मिलित हुए।

षोड्शी संस्कार का प्रारम्भ प्रातः बेला में यज्ञानुष्ठान से हुआ। तत्पश्चात् विभिन्न आश्रमों से पधारे दण्डी स्वामियों का पूजन किया गया। आश्रम परिसर में अविनाशी स्वामी की स्मृति को चिर स्थायी रखने के उद्देश्य से स्मारक का अनावरण वृन्दावन से पधारे उनके गुरू भाई स्वामी शिव स्वरूप तथा उनके शिष्य स्वामी सूर्य प्रबोधाश्रम (स्वामी स्वात्मानंद) द्वारा किया गया। अविनाशी स्वामी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए स्वामी स्वात्मानंद ने कहाकि कबीर दास जी ने कहा है कि ''सदुरू मिले अनेक फल'' अर्थात् यदि सदुरू मिल जाये तो ज्ञान, मोक्ष आदि अनेक फल प्राप्त हो जाते हैं। उन्होंने कहाकि इसीलिए सदुरू के शरणापन्न होकर आध्यात्मिक यात्रा करनी चाहिए। उन्होंने कहाकि जो ईश्वर को प्राप्त कर लेता है उसका पुर्नजन्म नहीं होता। अविनाशी स्वामी का स्थूल शरीर अब नहीं है परन्तु ऐसे परमादर्श संत का जीवन सदैव हमारा मार्गदर्शन करता रहेगा। स्वामी शिव स्वरूप ने कहाकि शास्त्रों में कहा गया है कि मनुष्य चाहे स्वयं भगवान शंकर की तरह ही क्यों न हो बिना गुरू के मुक्ति और ज्ञान संभव नहीं है। उन्होंने कहाकि शास्त्र के इसी निर्देश की पुष्टि के लिए मानव तन ग्रहण करने पर भगवान राम और कृष्ण को भी गुरूकुल की शिक्षा और गुरू की शरण लेनी पड़ी। अमरकंटक से पधारे स्वामी अखण्डानन्द ने अविनाशी स्वामी के निर्वाण पर कहाकि तत्व तत्व में लीन हो गया। महामण्डलेश्वर स्वामी देवेन्द्रानन्द गिरि ने कहाकि सभी को ऐसे गुरू की आकांक्षा रहती है जो अखण्ड आनन्द प्राप्त करा दे। उन्होंने कहाकि सदुरू अपने शिष्य को मां की तरह स्वच्छ और विकार रहित बनाते हैं।

दुधमुंहे बच्चे का अपहरण कर बलि देने की कोशिश हुई नाकाम

आरोपी युवक को ग्रामीणों ने पकड़ किया पुलिस के हवाले | ग्रामीणों का आरोप बच्चे की बलि देने के लिये आरोपी ने किया था अपहरण का किया प्रयास | शादी के कई सालों बाद भी आरोपी के नहीं हुयी कोई संतान

नसीराबाद रायबरेली (आरएनएस)। थानाक्षेत्र के परैया नमकसार में नाबालिक बच्चे के अपहरण की कोशिश की मामला प्रकाश में आया है। बतातें च लें कि ग्राम पंचायत परैया नमकसार गॉव निवासी युवती उमा पत्नी बनवारी लाल दोपहर लगभग साढ़े बारह बजे गॉव के बाहर बने मकान में अपने बच्चे यस 8 माह के साथ अकेली लेटी हुयी थी वहीं पलक झपकते ही मौका पाकर गॉव का ही निवासी रामकरन उर्फ मघई पुत्र महिपाल आया और उसके लड़के को चोरी से उठा कर भागने लगा तभी ऑख खुलते ही युवती ने आरोपी का पैर पकड़ लिया तभी मौका पाकर आरोपी युवक बच्चे को छोड़ युवती को धक्का देकर भागने लगा वहीं पीड़ित युवती के शोर मचाने पर गॉव के ही राजकुमार पुत्र बुंदेले व राजू पुत्र श्रीपाल आदि ग्रामीणों ने आरोपी युवक को दौड़ा कर पकड़ लिया और घटना की सूचना डायल 100 को दी जहां मौके पर पहुँची पुलिस द्वारा आरोपी युवक को पकड़ कर थाने लाया गया। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि आरोपी युवक की शादी को कई साल हो गये हैं पर आज तक उसके बीबी के बच्चे नही हुये जिसके कारण आरोपी डॉक्टरों को दिखा कर थक गया तो झूँठे पाखंडो के चक्कर में आ गया और पाखंडियों ने किसी नाबालिक की बलि देने के बाद आरोपी को बच्चे होने को कहा इसलिये उसने मौका पाकर बच्चे को उठाकर उसका बलि देने की फिराक में था। मगर गनीमत रहा कि अचानक युवती की ऑख खुल गयी और शोर मचा दिया जिसे ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं समाचार लिखे जाने तक मुकदमा नहीं लिखा गया।

ट्रेन से कटकर युवक की गई जान

रुडकी (आरएनएस)। गृह कलह से परेशान गंगदासपुर गांव के 32 वर्षीय युवक ने ट्रेन से कटकर जान दे दी। पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। लक्सर कोतवाली के डुमनपुरी गांव निवासी प्रेमचंद (32) पुत्र धर्मपाल खेती का काम करता था। बताया गया है कि पिछले करीब एक हफ्ते से प्रेमचंद की अपने परिवार के लोगों के साथ

किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी।

मंगलवार रात को प्रेमचंद रोज की तरह खेतों पर रखवाली करने गया था। सुबह वापस लौटने पर घर में फिर से उसी बात पर कलह शुरू हो गई। इससे नाराज प्रेमचंद गुस्से में अपनी जान देने की बात कहकर घर से निकल गया। पता चलने पर इसके थोड़ी ही देर बाद उसका भाई भी उसे मनाने के लिए उसके पीछे निकल गया। लेकिन इससे पहले ही प्रेमचंद गांव के पास से गुजर रहे रेलवे ट्रेक पर पहुंच गया। उसी समय मुरादाबाद की तरफ से एक मालगाड़ी आ रही थी। प्रेमचंद ने अचानक अपना सिर ट्रेन की पटरी पर रख दिया और मालगाड़ी से कटकर उसकी मौत हो गई। इसी दौरान उसका भाई भी मौके पर पहुंच गया था। उसकी सूचना पर परिवार व गांव के काफी लोग वहां पहुंच गए। एसओ खानपुर दिलमोहन सिंह बिष्ट ने बताया कि युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। मृतक प्रेम पीछे पत्नी व चार बेटियों को छोड़ गया है।

लोक निर्माण मंत्री करेंगे 40 करोड़ रूपये से अधिक के निर्माण कार्यों का शिलान्यास

विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को करेंगे लाभान्वित

रायसेन (आरएनएस)। लोक निर्माण मंत्री रामपाल सिंह 27 सितंबर को सिलवानी विधानसभा क्षेत्र में 40 करोड़ रूपए से अधिक लागत के विभिन्न निर्माण कार्यो का शिलान्यास करेंगे। साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को स्वीकृत राशि के प्रमाण पत्र तथा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत हितग्राहियों को गैस कनेक्षन वितरित करेंगे। लोक निर्माण मंत्री छात्र-छात्राओं को साईकिल भी वितरित करेंगे।

लोक निर्माण मंत्री सिंह 27 सितम्बर को प्रातः 09 बजे भोपाल से प्रस्थान कर प्रातः 10:30 बजे बेलगांव तिराहा पहुंचेंगे तथा लोक निर्माण विभाग द्वारा 19 करोड़ 84 लाख रूपए की लागत से स्वीकृत सड़क अंधियारी-कुकरवाड़ा-भजिया बेलगांव करतोली केसली पौढ़ी, घोटी बहरा से प्रधानमंत्री सड़क तक बनने वाली सड़क का भूमि पूजन करेंगे। साथ ही देहगॉव-बमोरी मार्ग इक्यावन नदी पर दो करोड़ 52 लाख रूपए की लागत से बनने वाले पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे। लोक निर्माण मंत्री सिंह कार्यक्रम में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को स्वीकृत राशि के प्रमाण पत्र एवं प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन वितरित करेंगे।

लोक निर्माण मंत्री सिंह प्रातः 11ः00 बजे ग्राम पड़रिया कला पहुंचेंगे तथा स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात सिंह दोपहर 12 बजे सिलवानी तहसील के ग्राम सियलवाड़ा में आयोजित लोक कल्याण शिविर में शामिल होंगे तथा लोक निर्माण विभाग 13 करोड़ 85 लाख रूपए की लागत से स्वीकृत सड़क पड़रिया कला-डूंगरियाखुर्द सीएलवाडा, नयाखेड़ा, पोर पिपलिया, केसली मार्ग का शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही लोक निर्माण मंत्री चार करोड़ दो लाख रूपए की लागत से बनने वाले करतोली मार्ग का शिलान्यास करेंगे। लोक निर्माण मंत्री सिंह कार्यक्रम में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत स्वीकृत राशि के प्रमाण पत्र तथा छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण करेंगे। इसके पश्चात लोक निर्माण मंत्री सिंह भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

प्रदेश में 1685 मदरसों को दिया जा रहा है वित्तीय अनुदान

भोपाल (आरएनएस)। प्रदेश में मदरसों में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने के लिए केन्द्र सरकार की योजना में 1685 मदरसों को अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। इस योजना का लाभ मदरसों में पढ़ाने वाले करीब 3600 शिक्षकों को मिल रहा है।प्रदेश में मदरसों को दी जाने वाली सुविधाओं में भी वृद्धि की गई है। मदरसों को प्रतिवर्ष पुस्तकालय के लिए 50 हजार रूपये, साइंस किट के लिए 15 हजार रूपये तथा कम्प्यूटर लैब स्थापित करने के लिए एक बार में एक लाख रूपये की राशि उपलब्ध करवाई गई है।

राज्य में मदरसों के अधोसंरचना विकास तथा न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं के लिए राज्य सरकार द्वारा रिपेयर, मेंटेनेंस एवं अपग्रेडेशन ऑफ मदरसा योजना संचालित की जा रही है। इसके लिए बजट में पर्याप्त राशि का प्रावधान किया गया है। मान्यता प्राप्त मदरसों को भवन के रख-रखाव और बुनियादी सुविधाओं के लिए प्रति वर्ष 50 हजार रूपये प्रति मदरसा के मान से धनराशि उपलब्ध करवाई जा रही है। पूर्व में यह राशि मात्र 25 हजार रुपये हुआ करती थी, जिसे राज्य सरकार ने बढ़ाकर 50 हजार रूपये कर दिया है।

युवती से गैंगरेप, तीन पर मुकदमा दर्ज

हरिद्वार (आरएनएस)। एक युवती के साथ उसके ही दोस्त ने धोखा किया और उसको बहला फुसलाकर रानीपुर कोतवाली क्षेत्र स्थित एक घर में ले गया। जहां उसने और उसके दो अन्य दोस्तों ने उसके साथ गैंगरेप किया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़िता एक कंपनी में काम करती है। पुलिस के मुताबिक मूल रूप से बिजनौर निवासी एक युवती अपनी बड़ी बहन के साथ रानीपुर कोतवाली क्षेत्र स्थित एक कॉलोनी में रहती है। युवती की दोस्ती करीब एक साल पहले शिवलोक कॉलोनी रानीपुर निवासी प्रदीप कुमार से हुई। गैंगरेप की घटना मंगलवार शाम की है, जब प्रदीप और उसका एक दोस्त प्रवीण 20 वर्षीय युवती को बहला-फुसलाकर सेक्टर-दो भेल स्थित एक घर में ले गया। युवती ने अपने दोस्त प्रदीप पर भरोसा किया और उसके साथ चली गई। आरोप है कि सेक्टर-दो स्थित एक घर में युवती के साथ प्रदीप और उसके दो दोस्त प्रवीण सैनी और राजेश यादव ने दुष्कर्म किया। युवती रोते-रोते घर पहुंची और अपनी बड़ी बहन को घटना की जानकारी दी। बड़ी बहन युवती को देर रात रानीपुर कोतवाली लेकर पहुंची। जहां तीनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत की गई। पुलिस ने तीनों आरोपी प्रदीप निवासी शिवलोक कॉलोनी, प्रवीण सैनी निवासी धीरवाली ज्वालापुर और राजेश यादव निवासी सेक्टर-दो भेल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। आरोपी प्रदीप ट्रेडर्स कारोबारी है, जबकि राजेश यादव भेल में कांटेक्टर है और आरोपी प्रवीण बिजनेस मैन बताया जा रहा है। एसएसआई राकेश कुमार ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

कैंटीन का किराया न देने पर विवि ने चेताया

श्रीनगर गढ़वाल (आरएनएस)। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के बिड़ला एवं चौरास परिसर में संचालित चार कैंटीन संचालकों द्वारा पूर्व में दिए नोटिस के बावजूद कैंटीन किराया की करीब 16 लाख बकाया धनराशि जमा न किए जाने पर विवि ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। इस मामले में विवि ने फिर से कैंटीन संचालकों को नोटिस भेजा है। जिसमें नोटिस मिलने के 10 दिन के अंदर बकाया धनराशि जमा करने के निर्देश दिए हैं। गढ़वाल विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पीएस राणा ने कहा कि विवि के चार कैंटीन संचालकों पर करीब 16 लाख रूपए की देनदारी है। कहा चार साल में एक कैंटीन संचालक द्वारा एक साल का और एक दूसरे कैंटीन संचालक का करीब डेढ़ साल का किराया जमा किया गया है। जबकि दो कैंटीन संचालकों ने एक भी पैसा विवि में जमा नहीं कराया है। उन्होंने कहा कि कैंटीन संचालकों द्वारा जो अपना पक्ष रखा जा रहा है वह बेबुनियाद है। कहा अनुबंध में विवि में होने वाले कार्यक्रमों में कैंटीन संचालकों को वरीयता देने की बात कहीं नहीं लिखी गई है। अनुबंध के रूप में दिए गए शपथ पत्र में स्पष्ट है कि एक साल पूरा होने पर अनुबंध स्वतः ही निरस्त समझा जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व में दिए गए नोटिस पर अब तक कैंटीन संचालकों द्वारा किराया जमा नहीं कराया गया। इससे विवि को आर्थिक क्षति हो रही है। जिसके कारण कैंटीन संचालकों को दूसरा नोटिस भेजा गया है। नोटिस मिलने के 10 दिन के बाद तक किराया जमा न कराए जाने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। बिजली का बिल भी नहीं किया जमाश्रीनगर। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पीएस राणा ने कहा कि कैंटीन संचालकों द्वारा अपनी कैंटीन का बिजली का बिल भी जमा नहीं कराया गया है। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में कुलसचिव को पत्र भेजकर कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा। वहीं विवि के विद्युत विभाग क सहायक अभियंता नरेश चंद्र खंडूड़ी का कहना है कि कैंटीन संचालकों को मार्च तक के बिल थमाकर उन्हें बिल की धनराशि जमा करने को कहा गया है। कहा कैंटीन संचालकों के करीब एक लाख रूपए के बिजली के बिल पेंडिंग हैं।

दलितों के उत्पीड़न की रोक की मांग

हरिद्वार (आरएनएस)। बहुजन समाज पार्टी उत्तराखंड के एक प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने एसएसपी को ग्राम हरजौली में दलितों पर हमलों और अत्याचार से अवगत कराते हुए जनपद में दलित समाज पर हो रहे हमले और उत्पीड़न पर रोक लगाने की मांग की।एसएसपी ने प्रतिनिधिमंडल को मामले की जांच कराकर दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार करने और दलितों पर हमले और अत्याचारों को रोकने के लिए अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप चौधरी, प्रदेश महासचिव नत्थू सिंह, सूरजमल, सीपी सिंह, सतीश कुमार, धर्म सिंह, योगेश कुमार, सरबत करीम अंसारी, पूर्व विधायक हरिदास, राजेश कुमार, मुल्कीराज, युनूस अंसारी, राणा प्रताप, विजय सैनी, वीरेंद्र प्रधान, मानवेंद्र चौहान, केशोराम, चरण सिंह पालीवाल, कंवर पाल, डॉ. रहत सिंह, सुरेश कुमार, मुन्नाराम आदि शामिल रहे।

महत्वपूर्ण एवं खास

राजनगर एक्सटेंशन में युवती की हत्या कर शव तेजाब से जलाया

गाजियाबाद (आरएनएस)। देश की राजधानी दिल्ली से सटे गाजियाबाद में युवती की हत्या कर शव तेजाब से जलाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। मॉर्निंग वॉक पर गए लोगों ने पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, युवती की हत्या के बाद उसकी पहचान छिपाने के लिये चेहरे और शरीर को बुरी तरह से नष्ट करने का प्रयास किया गया है। पुलिस किशोरी की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

वर्दी में फांसी के फंदे पर झूली महिला कांस्टेबल, पुलिस महकमे में मचा हड़कंप

मुजफ्फरनगर (आरएनएस)। यूपी पुलिस में तैनात महिला कांस्टेबल ने फांसी के फंदे पर लटककर जान दे दी। बताया गया कि महिला पुलिसकर्मी ड्यूटी से ठीक-ठाक अपने रूम पर पहुंची थी। उधर, घटना की जानकारी लगते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे एसएसपी ने मामले की छानबीन कर मृतका के परिजनों को सूचना दे दी है। वहीं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बता दें कि यूपी के मुजफ्फरनगर में कोतवाली में तैनात महिला कांस्टेबल अनिता सिंह (22 वर्ष) ने बुधवार को अपने रूम पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला अलीगढ़ में इगलास कस्बा की रहने वाली थी और ट्रैनिंग के बाद यह उसकी पहली पोस्टिंग थी। वहीं बताया जा रहा है कि महिला शादीशुदा थी और उसका पति (शिवांक) रेलवे में हैं। उसके पति की पोस्टिंग गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर है। हालांकि पुलिस आत्महत्या का कारण जानने की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस के अनुसार बुधवार सुबह पड़ोसियों ने सिविल लाइन थाने में महिला पुलिसकर्मी के सुसाइड की सूचना दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके बाद मौके पर पहुंचे एसएसपी सुधीर कुमार सिंह ने मामले की छानबीन कर मृतका के परिजनों को सूचना दे दी है। एसएसपी का कहना है कि कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल जांच की जा रही है जैसे ही आत्महत्या की वजह सामने आएगी तो उसे स्पष्ट कराया जाएगा।

युवती के साथ छेड़छाड़, हिंदू संगठनों ने थाने पर जमकर किया हंगामा

मुजफ्फरनगर (आरएनएस)। शहर में मिनाक्षी चौक पर युवक ने युवती के साथ सरेराह छेड़खानी शुरू कर दी। दिनदहाड़े हुई छेड़छाड़ की घटना से इलाके में हंगामा मच गया। मामला थाना सिविल लाईन क्षेत्र का है। पुलिस ने मौके से आरोपी को हिरासत में ले लिया है। वहीं आरोपी युवक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग को लेकर हिंदू संगठनों ने थाने पर जमकर हंगामा किया। पुलिस ने बताया कि अभी तक पीड़ित युवती की तरफ से आरोपी के खिलाफ कोई तहरीर नहीं दी गई है।

पुलिस अभिरक्षा से फरार अभियुक्त गिरफ्तार

फैजाबाद (आरएनएस)। कचेहरी में पेशी के दौरान पुलिस को चकमा देकर फरार अभियुक्त जगदीश निषाद को नवीन मण्डी पुलिस चौकी क्षेत्र से बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त जगदीश निषाद को पूराकलन्दर थाना पुलिस ने मानक पदार्थ अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया था तथा मंगलवार को कचेहरी में कोर्ट में उसकी पेशी थी। मौका पाकर अभियुक्त कचेहरी से फरार हो गया। इस सम्बन्ध में कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज कराया गया था।

फेसबुक मे दोस्ती फिर घर से भागकर रचायी शादी के बाद पुलिस ने किया बरामद

फतेहपुर (आरएनएस)। फेसबुक से हुयी दोस्ती परवान चढ़ी तो प्रेमिका प्रेमी से मिलने रात को लखनऊ जा पहुंची और अगले दिन आर्य समाज मंदिर मे हिन्दू रीति रीवाज के तहत शादी के बाद कोर्ट मे भी शादी कर बतौर पत्नी प्रेमी के परिवार के साथ रहने लगी वहीं लड़की के पिता द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमें के बाद पुलिस दोनों को लखनऊ से पकड़ कोतवाली ले आयी। शहर क्षेत्र के स्टेशन रोड़ पनी मोहल्ला की रहने वाली 19 वर्षीय एक युवती की करीब 6 माह पूर्व फेसबुक के माध्यम से मूलतः केरल व हाल पता रतीन्द्रनगर थाना पीजीआई जनपद लखनऊ के रहने वाले वासुदेव जैना (22) पुत्र महेन्द्र कुमार से दोस्ती हो गयी जो धीरे-धीरे प्यार मे बदल गयी। प्यार परवान चढ़ा तो 1 सितम्बर की रात युवती अपने सार्टिफिकेट व कपड़े लेकर घर से उस समय निकल गयी जिस समय पूरा परिवार सो रहा था। लखनऊ पहुंची युवती व उसके प्रेमी ने अगले दिन आर्य समाज पहुंच हिन्दू रीति रिवाज के तहत शादी कर ली।

पुलिस की कार्यप्रणाली पर लगे सवालिया निशान

सत्ता पक्ष की गुटबाजी का भी रहा असर

हमीरपुर (आरएनएस)। जलालपुर से उठी आग राठ होते हुए मौदहा पहुंच गयी मगर पूर्व की घटनाओ से पुलिस प्रशासन नही चेता परिणाम स्वरुप मौदहा का साम्प्रदायिक सौहार्द का वातावरण तार - तार हो गया। रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्ष आमने सामने हो गये थे। अधिकारियों द्वारा सुलह समझौते की सभी कोशिसें लगभग नाकाम हो गयी थीं। इसके बावजूद प्रशासन ने इस मामले को गम्भीरता से न लेते हुये विवादित स्थल पर दोनों पक्षों के हजारों लोगों के एकत्र होने का मौका दिया। यह सब होता रहा और प्रशासन ने इसे गम्भीरता से नहीं लिया। बल्कि उसने विवादित स्थल को युद्ध का मैदान बनाने का काम किया। यदि विवादित स्थल के आस पास लोगों की भीड़ एकत्र होने से प्रशासन रोकता तो सैकड़ों बेगुनाहों को पुलिस की लाठियां नहीं खानी पड़तीं।

कांग्रेसियों ने फूंका मोदी का पुतला

श्रीनगर गढ़वाल (आरएनएस)। शहर कांग्रेस कमेटी के बैनरतले क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यहां राफेल घोटाले के विरोध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंक कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने केंद्रीय सतर्कता आयुक्त (सीवीसी) से केंद्र सरकार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। कहा यह रक्षा क्षेत्र का सबसे बड़ा घोटाला है। गोला पार्क में पुतला दहन एवं प्रदर्शन कार्यक्रम के दौरान शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वीरेंद्र नेगी, जिला प्रवक्ता गणपति गणेश भट्ट ने कहा कि इस मामले में और छानबीन किए जाने की आवश्यकता है। कहा राफेल सौदे से संबंधित कागजात और फाइलें जब्त की जानी चाहिए।